an>

Title: Demand to release the insurance claims of the farmers in the Churu Parliamentary Constituency.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत हमारे क्षेत्र चुरू के अंदर करीब साढ़े तीन लाख किसानों ने बीमा करवाया है। यह बहुत ही ऐतिहासिक स्कीम रही जिसमें प्रीमियम बहुत लो है और रिमोट सेंसिंग से हम इसको देखते हैं। वर्ष 2016 की खरीफ फसल में करीब साढ़े तीन लाख किसानों ने बीमा करवाया। जिले से प्रीमियम करीब 90 करोड़ रुपये इकट्ठा हुआ। जिसमें किसानों का कॉन्ट्रीब्यूशन 8 करोड़ रुपये था। क्लेम की बात करूं तो क्लेम की परसेंटेज मात्र 8 करोड़ रुपये के क्लेम दिए गए। जिले का बाकी सिर्फ 1 परसेंट ही प्रीमियम रिलीज़ किया गया। इससे किसानों को आघात पहुंचा है। 33 हजार किसानों को प्रीमियम मिला है। आज की तारीख में चुरू, तारा नगर, रतनगढ़, सरदारशहर और सुजानगढ़ के किसान उस प्रीमियम क्लेम के लिए बड़े चिंतित हैं। उनको क्लेम नहीं मिल रहा है। मेरा आपसे निवेदन है कि वहां जल्द से जल्द क्लेम रिलीज़ किया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

डॉ. मनोज राजोरिया,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

डॉ. अंशुल वर्मा और

डॉ. हिना विजयकुमार गावीत को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।